दैनिक जागरण 25/08/2025

# सांस्कृतिक समारोह में विद्यार्थियों ने बिखेरे कला के रंग




जीएमएन कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी करने वालों को सम्मानित करते डा. रोहित दत्त। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला ● विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के डांस क्लब एवं संगीत विभाग की ओर से हरियाणा कला परिषद हरियाणा सरकार के सहयोग से अविस्मरणीय हरियाणवी सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा के सहयोग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधि विशाल चोपड़ा भी मौजूद रहे। इस सांस्कृतिक महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति की अनमोल परंपराओं, लोककला एवं लोकनृत्यों को मंच पर कलाकारों ने सजीव किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्तर ने कहा कि आज के वैश्विक युग में, जहां परंपराएं तेजी से लुप्त हो रही हैं, ऐसे सांस्कृतिक समारोह हमारी जड़ों से जुड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस मौके पर डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. अमित तथा संगीत प्राध्यापक डा. मंजीत कौर, डा. अनीश के अलावा छात्र ईशान ने आयोजन में सहयोग किया।